BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

थाना सुरियावां **दिनांक-10.02.2025**

◆आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही

◆जिला बदर अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

◆थाना सुरियावां पुलिस टीम को मिली सफलता

◆जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर जनपद में लुक-छुपकर, कर रहा था निवास

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी व वांछित, वारंटी व जिला बदर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक-10.02.2025 को थाना सुरियावां पुलिस टीम द्वारा जिला बदर अभियुक्त राजेश पाल पुत्र स्व0 रामलखन पाल निवासी पाली थाना सुरियावां जनपद भदोही को जिला बदर आदेश का उल्लंघन करते हुए जनपद में लुक-छुपकर निवास करने के दौरान त्रिमुहानी ज्ञानपुर से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-41/2025 धारा-10 उ0प्र0 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया।